# Chapter-1. पालमपुर गाँव की कहानी

प्रश्न1. – पालमपुर गाँव मे कितने परिवार रहते है ?

उत्तर – 450 परिवार ।

प्रश्न2. – पालमपुर गाँव मे शिक्षा की क्या व्यवस्था हैं ?

उत्तर – पालमपुर गाँव मे एक हाई स्कूल तथा दो प्राथमिक विधालय है ।

प्रश्न3. – स्थायी पूंजी से कया तात्पर्य है ?

उत्तर – औजार , मशीने और भवनो को स्थायी पूंजी कहा जाता है क्योकि उनका प्रयोग कई वर्षो तक होता है ।

प्रश्न4. – कार्यशील पूंजी से आपका कया तात्पर्य है ?

उत्तर – कच्चे माल और नकद मुद्रा को कार्यशील पूंजी कहा जाता है क्योकि ये चीजे उत्पादन क्रिया के दौरान समाप्त हो जाती है।

प्रश्न5. – बहुविध फसल प्रणाली से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर – एक वर्ष मे किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने के तरीके को बहुविध फसल प्रणाली कहते है ।

प्रश्न6. – एच•वाई•वी• का कया तात्पर्य है ?

उत्तर – इसका अर्थ हे कि अधिक उपज पैदा करने वाले बीज ।

प्रश्न7. – छोटे किसान किसे कहते हैं ?

उत्तर – छोटे किसान वे होते है जो अपने पीरवारो के साथ अपने खेतो मे स्वंय काम करते है।

प्रश्न8. – मझोले और बड़े किसान किसे कहते है ?

उत्तर – मझोले और बड़े किसान ऐसे किसानो को कहते है जो अपने खेतो मे काम करने के लिए दूसरे श्रमिको को किराये पर लगाते है ।


Downloaded from: http//:www.atpeducation.com Email-id: atpeducations@gmail.com ATP Education

प्रश्न9. – वस्तुओ और सेवायो के उत्पादन के लिए कौन सी चार चीजे आवश्यक है ?

उत्तर – 1. भूमि

2.श्रम

3.भौतिक पूंजी जैसे औजार , मशीने ,भवन , कच्चा माल और मुद्रा आदि ।

4.ज्ञान और उघम जो मानव पूंजी के महत्वपूर्ण अंग है ।

प्रश्न10. – पालमपुर में बिजली प्रसार ने किस प्रकार किसानों की मदद की ?

उत्तर – पालमपुर में बिजली प्रसार ने किसानों की मदद निम्न प्रकार से की।

(i) बिजली प्रसार ने कुएँ से पानी खींचने में मदद की ।
(ii) सिचाई को और आसान बना दिया ।
(iii) अब वे अधिक से अधिक बिजली का उपयोग कर अपने कृषि कार्य को बढा सकते है।

प्रश्न11. – पालमपुर में खेतिहर श्रमिकों की मजदूरी न्युनतम मजदूरी से कम क्यों है ?

उत्तर – पालमपुर में खेतिहर श्रमिकों की मजदूरी न्युनतम मजदूरी से कम है क्योंकि

(i) भूमीहीन श्रमिकों की संख्या अधिक है ।
(ii) श्रमिकों में बहुत अधिक स्पर्धा है।
(iii) जो कम मजदूरी लेता है काम उसी को अधिक मिलता है।
(iv) श्रमिक भी कम मजदूरी पर काम करने को सहमत हो जाते है ।

प्रश्न12. – एक ही भूमी पर उत्पादन बढाने के कौन कौन से तरीके है।

उत्तर – एक ही भूमी पर उत्पादन बढाने निम्न तरीके है।

(i) बहुविध फसल प्रणाली अपनाकर ।
(ii) आधुनिक कृषि विधियों का उपयोग कर ।
(iii) उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग कर ।
(iv) उचित समय पर उर्वरक, सिंचाई , रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कर ।

प्रश्न13. – मझोले और बडे किसान कृषि से कैसे पूँजी प्राप्त करते है । वे छोटे किसानों से कैसे भिन्न है ?

उत्तर – मझोले और बडे किसान अपनी गत वर्षो की बचत से पूँजी की व्यवस्था करते है। ये अपने उपभोग से अधिक अनाजों का उत्पादन करते है। यही उनकी बचत है । जबकि छोटे किसान बचत नहीं कर पाते जिसके कारण उन्हें साहुकारों से ऋण लेकर पूँजी की व्यवस्था करनी पडती है।


Downloaded from: http//:www.atpeducation.com Email-id: atpeducations@gmail.com ATP Education

प्रश्न14. – वहु विधि फसल प्रणाली किसे कहते हैं ?

उत्तर – एक वर्ष में किसी भुमि पर एक से ज्यादा फसल पैदा करने की विधि को वहुविध प्रणाली कहते हैं।

प्रश्न15. – वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए किन–किन चीजों की आवश्यकता होती है।

उत्तर – वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए निम्न चीजों की आवश्यकता होती है।

(i) भूमि।
(ii) श्रम।
(iii) भौतिक पूँजी।
(iv) मानव पूँजी।

प्रश्न16. – भौतिक पूँजी से आप क्या समझते हैं ? इसके अन्तर्गत कौन कौन सी मदें आती हैं ?

उत्तर – भौतिक पूँजी उन सभी संसाधनों को कहते हैं जो हमारे रोज मर्रा के उपयोग में मदद करती हैं। इसके अंतर्गत निम्न मदें आती हैं।

(i) स्थायी पूँजी – औजार, मशीन, भवन आदि।
(ii) कार्यशील पूँजी– कच्चा माल और नकद पैसा।

प्रश्न17. – पालमपुर गाँव की मुख्य क्रियाएँ कौन कौन सी है ?

उत्तर – 1. खेती मुख्य क्रिया

2.लघुस्तरीय निर्माण कार्य

3.डेरी

4.परिवहन आदि

प्रश्न18. – स्थायी पूँजी और कार्यशील पूँजी में दो अन्तर लिखिये।

उत्तर – – 1

| स्थायी पूँजी | कार्यशील पूँजी |
|---|---|
| 1. उत्पादन में इस पूँजी का कई वर्षों तक उपयोग होता है।<br>2. उदाहरण – औजार, मशीन, भवन आदि। | 1. उत्पादन क्रिया के दौरान ये पूँजी समाप्त हो जाती है।<br>2. उदाहरण – कच्चा माल और नकद पैसा। |

www.atpeducation.com


Downloaded from: http//:www.atpeducation.com Email-id: atpeducations@gmail.com ATP Education

प्रश्न19. – क्या सिंचाई के अधीन अधिक क्षेत्र को लाना महत्वपूर्ण हैं। क्यो ?

उत्तर – सिंचाई के अधीन अधिक क्षेत्र का लाना बडा आवश्यक हे क्योकि मानसून वर्षा पर निर्भर रहना खतरनाक है जबकि मानसून पवनो पर विश्वास नही किया जा सकता है जो न कभी स्थायी ,निरन्तर और विश्वसनीय है । कभी वे सूखे के कारण बनती है तो कभी बाढ़ो का ।

प्रश्न20. – श्रमिक किन्हे कहते है ?

उत्तर – श्रमिक खेतो मे काम करने वाले वे मजदूर होते है जो या तो भूमिहीन परिवारो से आते है या बहुत छोटे खेतो पर काम करने वाले परिवारो से ।

प्रश्न21. – श्रमिक या छोटे किसान पूंजी की व्यवस्था कैसे करते हैं ?

उत्तर – श्रमिक या छोटे किसान अपनी पूंजी की व्यवस्था पैसा उधार लेकर करते हैं । वे यह पैसा गाँव के बड़े किसान से लेते है या गाँव के साहूकारो से या फिर वे उन व्यापारियो से लेते है जो उन्हे अनेक प्रकार की चीजे उपलबध कराते हैं । परन्तु हर हालत मे सूद की दर बहुत ऊँची होती है ।

www.atpeducation.com


Downloaded from: http//:www.atpeducation.com Email-id: atpeducations@gmail.com ATP Education